फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द

श्री चैतन्य कुमार त्रिपाठी पिता गोविन्दकांत त्रिपाठी ब्राहम्मण निवासी 24 घ सुखाडिया नगर नाथद्वारा , जिला राजसमन्द

— अपीलांट

बनाम

1. लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त कलक्टर, राजसमन्द।

— रेस्पोण्डेंट

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार **पत्रावली संख्या 25/2018**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 09.08.2018 अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त कलक्टर, राजसमन्द से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त कलक्टर, राजसमन्द व तहसीलदार, भीम को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लो0सू0 अधिकारी अतिरिक्त कलक्टर, राजसमन्द द्वारा जरिये पत्रांकः—प.1( ) सू.अ.05/2018/547—48 दिनांक 13.07.2018 से प्राप्त रिपोर्टानुसार प्रार्थी का आवेदन पत्र दिनांक 24.04.2018 को सूचना के अधिकारी अधिनियम, 05 के तहत इस कार्यालय/अनुभाग को दिनांक 27.04.2018 को प्राप्त हुआ है। उक्त आवेदन पत्र में चाही गई वर्णित वांछित सूचना क्रार्यालय के प्रभारी अधिकारी,विधि अनुभाग की होने से आरटीआई अनुभाग के जरिये पत्रांक कमांकःप.1( )सू0अ0,05/2018/306 दिनांक 27.04.2018 को प्रेषित की गई । पत्र की प्रति एवं आवेदन पत्र अवलोकनार्थ **एनेक्स—1** संलग्न है। प्रभारी अधिकारी,विधि अनुभाग कार्यालय हाजा द्वारा जरिये पत्रांक 1511 दिनांक 01.05.2018 से प्रार्थी के पूर्व प्रार्थना पत्र 21.03.2018 पर हुई कार्यवाही के संबंध में प्रार्थी/अपीलार्थी ने आरटीआई आवेदन कर सूचना चाही गई जिसके संबंध में प्रभारी अधिकारी विधि अनुभाग द्वारा जो कार्यवाही की गई उसकी प्रतियॉ प्रार्थी/अपीलार्थी को उपलब्ध कराने हेतु आरटीआई अनुभाग को प्रेषित की गई जिसके संबंध में आरटीआई अनुभाग के जरिये पत्रांक कमांकःप.1( )सू0अ0,05/2018/322 दिनांक 03.05.2018 से प्रार्थी को नियमानुसार चाही गई सूचना की शुल्क राशि 04/—रूपये जमा करा वांछित सूचना प्राप्त करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया । पत्र की प्रति अवलोकनार्थ **एनेक्स—2** सलंग्न है । प्रार्थी/अपीलार्थी द्वारा आरटीआई अनुभाग के पत्र	

की पालना में दिनांक 09.05.2018 से नियमानुसार शुल्क राशि जमा करा वांछित सूचना प्राप्त कर ली गई है । पत्र की प्रति अवलोकनार्थ **एनेक्स–3** संलग्न है ।

प्रार्थी/अपीलार्थी की अपील के संदर्भ में प्रत्यर्थीगण को नोटिस जारी करते हुये अपीलार्थी को भी नोटिस की प्रति प्रेषित कर अपील के उत्तर पर आपकी कोई प्रतिकिया हो तो आप व्यक्तिशः उपस्थित होकर अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करे । इस कम में प्रार्थी/अपीलार्थी का अभ्यावेदन दिनांक 31.07.2018 का अपीलीय प्राधिकरण को प्राप्त हुआ है। अपीलार्थी के द्वारा अपने प्रार्थना पत्र में दिनांक 21.03.2018 के प्रार्थना पत्र पर हुई कार्यवाही और नतीजे की जानकारी चाही गई है ।

लो0सू0अधि0 अतिरिक्त कलक्टर, राजसमन्द की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया ।

अतः प्रार्थी/अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना अपीलार्थी को दिनांक 09.05.2018 को अभिलेख पर उपलब्ध अनुसार उपलब्ध कराई जा चुकि है । सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 2 (एफ) के अनुसार वही सूचना उपलब्ध करायी जा सकती है जो पहले से अभिलेखों में उपलब्ध हो । इस कार्यालय के पास अभिलेख पर जो सूचना है उसके अनुरूप प्रार्थी /अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है। अपीलार्थी द्वारा प्रेषित अपील वर्णित तथ्यों के मध्यनजर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त कलक्टर, राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)राजसमन्द

न्यायालय जिला कलक्टर
राजसमन्द (राज.)